Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## नवंबर भाग-1 2022

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-1

1. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की स्थापना राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) की सिफारिशों पर की गई थी।
   2. ब्यूरो को यौन अपराधियों के राष्ट्रीय डेटाबेस (NDSO) के प्रबंधन का कार्य सौंपा गया है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. ''DNA परीक्षण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यदि कोई व्यक्ति DNA टेस्ट कराने से इनकार करता है उसे इस कार्य के लिये विवश करना उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के अधिकार का उल्लंघन होगा।
   2. 'DNA परीक्षणों का उपयोग माता-पिता / बच्चे के रिश्तों के लिये उच्च स्तर की सटीकता के साथ संबंधों की पुष्टि करने हेतु किया जा सकता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. तंज़ानियाा जिसके साथ भारतीय नौसेना ने भारत-मोज़ाम्बिक-तंज़ानिया त्रिपक्षीय अभ्यास (IMT TRILAT) का पहला संस्करण आयोजित किया, निम्नलिखित में से किस देश से घिरा हुआ है?

   A. मोज़ाम्बिक
   B. अंगोला
   C. सोमालिया
   D. इनमें से कोई नहीं

4. ग्लाइफोसेट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह गन्ना और मक्का की खेती में उपयोग किया जाने वाला एक प्रमुख शाकनाशी है।
   2. भारत में इसकी खपत महाराष्ट्र राज्य में सबसे अधिक है।
   3. हाल ही में भारत ग्लाइफोसेट पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला देश बन गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

5. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन योट्टा D1 की सही व्याख्या करता है?

   A. यह इसरो द्वारा लॉन्च किया गया सबसे बड़ा संचार उपग्रह है।
   B. यह सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) द्वारा विकसित एक नया सुपर कंप्यूटर है।
   C. यह 5जी इंटरनेट को मज़बूती प्रदान करने में इस्तेमाल की जा रही नई तकनीक का नाम है।
   D. यह उत्तर भारत का पहला हाइपरस्केल डेटा सेंटर है जो उत्तर प्रदेश में स्थित है।

नोट :

6. 'रेड हेरिंग्स' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रेड हेरिंग एक ऐसी चीज़ है जो सोशल मीडिया के इस्तेमाल से किसी प्रासंगिक या महत्त्वपूर्ण मुद्दे से भ्रमित या ध्यान भटकाती है।
2. चुनाव आयोग के पास रेड हेरिंग के मामले में मीडिया को नियंत्रित करने का अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

7. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. कार्बन बाज़ार से उत्सर्जन में कमी और निष्कासन को व्यापार योग्य संपत्तियों में बदला जाता है।
B. कार्बन क्रेडिट "कैप-एंड-ट्रेड" मॉडल पर आधारित हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. छत्तीसगढ़ राज्य महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के साथ स्थल सीमा साझा करता है।
2. छत्तीसगढ़ भारत का एकमात्र राज्य है जो टिन कंसन्ट्रेटस का उत्पादन करता है।
3. छत्तीसगढ़ में महानदी, गंगा, गोदावरी और नर्मदा का जलग्रहण क्षेत्र है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

9. हाल ही में खबरों में रही मच्छू नदी निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

A. राजस्थान
B. मध्य प्रदेश
C. गुजरात
D. उत्तर प्रदेश

10. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (मनरेगा) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह काम करने का कानूनी अधिकार प्रदान करती है।
2. यह आपूर्ति आधारित योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

11. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. कोरोनल होल सूर्य की सतह पर ऐसे क्षेत्र होते हैं जहाँ से तेज़ सौर हवा अंतरिक्ष में फैलती है।
2. एक बार कोरोनल होल बन जाने के बाद उन्हें अंतरिक्ष से हटाया नहीं जा सकता, जिससे वे स्थायी रूप से बने रहते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

12. C-295 परिवहन विमान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. C-295 समसामयिक तकनीक के साथ 5-10 टन क्षमता का परिवहन विमान है।
2. यह नियमित रूप से दिन के दौरान रेगिस्तान में और रात में समुद्र में लड़ाकू अभियान के लिये सक्षम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

13. पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (NBS) व्यवस्था के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. P&K उर्वरकों पर सब्सिडी की घोषणा सरकार द्वारा द्वि-वार्षिक रूप से की जाती है।
2. द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्त्वों जैसे मोलिब्डेनम (Mo) और जिंक वाले उर्वरकों को इस व्यवस्था के तहत सब्सिडी नहीं दी जाती है।
3. यह एनपीके उर्वरक के इष्टतम संतुलन को प्राप्त करने के लिये P&K उर्वरकों की खपत को बढ़ाने का इरादा रखता है जहाँ एन: पी: के 4: 1: 2 है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

14 "भारतीय गैंडे" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत में पाई जाने वाली गैंडे की एकमात्र प्रजाति है।
2. यह गैंडे की सभी प्रजातियों में सबसे बड़ी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

15 तैरता वित्तीय साक्षरता शिविर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे वित्त मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को साक्षर करना है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

16. उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (PLI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बड़ी मात्रा में ड्रग्स विनिर्माण के लिये एक ठोस पारिस्थितिकी तंत्र निर्माण को बढ़ावा देने के लिये PLI योजना की शुरुआत की गई है।
2. यह उच्च आयात प्रतिस्थापन के लिये श्रम-गहन क्षेत्रों का समर्थन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

17. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

1. वर्ल्ड पज़ल फेडरेशन पहेलियों में रुचि रखने वाले गैर-सरकारी संगठनों का एक संघ है।
2. विश्व सुडोकू चैंपियनशिप (WSC) की निगरानी वर्ल्ड पज़ल फेडरेशन द्वारा की जाती है।

नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

18. डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन्हें इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदाताओं को वितरित किया जाता है और डाक के माध्यम से चुनाव अधिकारियों को वापस भेजा जाता है।
2. केवल सेवा मतदाताओं (सशस्त्र बल, एक राज्य के सशस्त्र पुलिस बल और विदेशों में तैनात सरकारी कर्मचारियों) को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की अनुमति है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कॉर्डिसेप्स मिलिटेरिस एक मूल्यवान परजीवी कवक है।
2. जंगली कॉर्डिसेप्स मशरूम, पूर्वी हिमालयी क्षेत्र में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

The Vision

20. "भारत में जनजाति" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान की सातवीं अनुसूची अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन एवं नियंत्रण के लिये प्रावधान करती है।
2. राष्ट्रपति जनजातियों या जनजातीय समुदायों को अनुसूचित जनजाति के रूप में निर्दिष्ट कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

21. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. UDISE प्लस रिपोर्ट एक संपूर्ण शोध है जो राष्ट्र के शहरीकरण और औद्योगीकरण की स्थिति के बारे में जानकारी देता है।
2. यह रिपोर्ट आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020-21 के लिये परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (PGI) के साथ जारी की गई है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

22 'रिसैट-2' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रिसैट-2 एक एक्स-बैंड सिंथेटिक-एपर्चर रडार उपग्रह है जिसे "जासूसी" उपग्रह माना जाता था।
2. यह उपग्रह अंतरिक्ष सीमाओं का उल्लंघन करने वाले अन्य देशों के उपग्रहों की निगरानी करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

23. अमूर फाल्कन्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह दुनिया का सबसे लंबा प्रवास करने वाला रैप्टर है।
2. इसका नाम अमूर नदी के नाम पर पड़ा है जो रूस और चीन के बीच सीमा बनाती है।
3. इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) की रेड लिस्ट में इसको सबसे कम चिंतनीय की श्रेणी में सुचिबद्ध किया गया है।
4. यह भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची IV के तहत संरक्षित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 4
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

24 . "वांगला नृत्य" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वांगला को फेस्टिवल ऑफ हंड्रेड ड्रम्स के रूप में भी जाना जाता है।
2. गारो आदिवासी समुदाय के सदस्य वांगला नृत्य करते हैं।
3. यह त्योहार सूर्य भगवान के सम्मान में मनाया जाता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

25. मौना लोआ ज्वालामुखी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पाँच ज्वालामुखियों में से एक है जो एकीकृत रूप से हवाई बड़ा द्वीप बनाते हैं।।
2. यह विश्व का सबसे बड़ा ज्वालामुखी है।
3. यह आखिरी बार वर्ष 1984 में सक्रिय हुआ था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

26. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. कॉलेजियम प्रणाली संविधान के अनुच्छेद 124(2) और 217 के प्रावधानों के अनुसार न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण को नियंत्रित करती है।
2. कॉलेजियम प्रणाली का नेतृत्व केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री करता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

27. स्टेट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर रिपोर्ट, 2022 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस रिपोर्ट के आँकड़ों के अनुसार, विभिन्न क्षेत्रों में कृषि स्वचालन की वृद्धि संतुलित है।
2. यह रिपोर्ट खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा द्विवार्षिक रूप से प्रकाशित की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो1 और न ही 2

28. "भारत में राज्यपाल" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. राज्यपाल को केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जा सकता है लेकिन उसके द्वारा हटाया नहीं जा सकता है।
2. राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद धारण करता है।.

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

29. यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व धरोहर/विरासत स्थल का आशय एक ऐसे स्थान से है, जिसे यूनेस्को द्वारा उसके विशिष्ट सांस्कृतिक अथवा भौतिक महत्त्व के कारण सूचीबद्ध किया गया है।
2. विश्व परंपरा और सांस्कृतिक कार्यक्रम विश्व धरोहर स्थलों की सूची का रखरखाव करता है।
3. वर्ष 2021 में, यूनाइटेड किंगडम के 'लिवरपूल - मैरीटाइम मर्केंटाइल सिटी' को विश्व विरासत सूची से हटा दिया गया था।
4. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान, सिक्किम को भारत का पहला और एकमात्र "मिश्रित विश्व विरासत स्थल" के रूप में चिह्नित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक गैर-नवीकरणीय ईंधन है जो कोयला गैस को शुद्ध करके प्राप्त किया जाता है।
2. यह पेट्रोल और डीज़ल जैसे ईंधन के लिये एक स्वच्छ विकल्प है।

बायोसीएनजी के संदर्भ में उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

31. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. प्रोविज़नल स्टेट ऑफ ग्लोबल क्लाइमेट रिपोर्ट, 2022 के अनुसार, $CO_2$ और $CH_4$ सांद्रता बढ़ रही है जबकि $NO_2$ सांद्रता घट रही है।
2. ग्लासगो जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में देशों ने 2030 तक वैश्विक मीथेन उत्सर्जन को 30% तक कम करने के लिये प्रतिबद्धता व्यक्त की।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

32. ज़ेनोट्रांसप्लांटेशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें एक मानव के ऊतकों या अंगों का दूसरे मानव में प्रत्यारोपण करना शामिल है।
2. अंग अस्वीकृति की संभावना को कम करने के लिये इस प्रक्रिया में जीन एडिटिंग का उपयोग किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

33. हाल ही में चर्चा में रहे EWS आरक्षण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 में संशोधन करता है।
2. इसे 102वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत पेश किया गया था।
3. इसका उद्देश्य उन गरीब लोगों को बढ़ावा देना है जो SC, ST और सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के अंतर्गत नहीं आते हैं।
4. इसके अनुसार EWS को आरक्षण सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा दिया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 4
C. केवल 3
D. 1, 2, 3 और 4

34. फाल्कन हैवी रॉकेट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे स्पेसएक्स द्वारा ध्रुवीय पृथ्वी कक्षा में लॉन्च किया गया है।
2. यह अमेरिकी अंतरिक्ष बल के लिये उपग्रहों को अंतरिक्ष में ले जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

35. भारत के राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के प्रत्येक "सामान्य निवासी" के लिये NPR में पंजीकरण करना अनिवार्य है।
2. NPR एक नागरिकता गणना अभियान है और केवल भारतीय नागरिकों को किसी इलाके में छह महीने से अधिक समय तक रहने का रिकॉर्ड है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही

36. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केरल के परंगीपेट्टई मैंग्रोव में एस्चुअरीन केकड़े की एक नई प्रजाति, जिसे 'स्यूडोहेलिस अन्नामलाई' के नाम से जाना जाता है, की खोज की गई है।
2. नई प्रजाति भारतीय उपमहाद्वीप और पश्चिमी प्रशांत महासागर में पाई जाती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

37. प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. EAC-PM एक गैर-संवैधानिक, स्वतंत्र और वैधानिक निकाय है।
2. वित्त मंत्रालय EAC-PM के प्रशासनिक, लॉजिस्टिक, योजना और बजट उद्देश्यों के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

38. भारत के विधि आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक संवैधानिक निकाय है।
2. इसकी अध्यक्षता केवल सेवानिवृत्त सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा की जाती है।
3. पहले विधि आयोग की अध्यक्षता वारेन हेस्टिंग्स ने की थी।
4. कानून मंत्री इस आयोग का पदेन सदस्य होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 4
C. केवल 1, 2 और 3
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

39. "चंद्र ग्रहण" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चंद्र ग्रहण केवल पूर्णिमा के दौरान ही हो सकता है।
2. पूर्ण चंद्र ग्रहण के दौरान चंद्रमा पृथ्वी के आंशिक भाग से होकर गुज़रता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2व् दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

40. निम्नलिखित में से कौन पश्चिम से पूर्व तक भारतीय पर्वत श्रृंखलाओं का सही क्रम है?

A. दफला, मिरी, अबोर, मिश्मी
B. मिरी, दफला, अबोर, मिश्मी
C. मिश्मी, अबोर, मिरी, दफला
D. अबोर, मिश्मी, दफला, मिरी

41 निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (POCSO) यौन अपराध की पीड़िता की पहचान के प्रकटीकरण पर रोक लगाता है।
2. POCSO अधिनियम में सभी बच्चों के लिये मुफ्त और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा के अधिकार का भी उल्लेख किया गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

42 .'गतिशील भूजल संसाधन आकलन रिपोर्ट' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह रिपोर्ट नीति आयोग ने जारी की है।
2. भूजल पुनर्भरण एक हाइड्रोलॉजिकल प्रक्रिया है जिसमें जल पृथ्वी की सतह से जमीन में रिसता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

43 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इसकी अध्यक्षता भारत के गृह मंत्री करते हैं।
2. यह भारत में आपदा प्रबंधन के लिये सर्वोच्च निकाय है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

44. कार्बन क्रेडिट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कार्बन क्रेडिट वातावरण में ग्रीनहाउस उत्सर्जन में कमी लाने के सापेक्ष दिया जाने वाला एक क्रेडिट है।
2. कार्बन क्रेडिट "कैप-एंड-ट्रेड" मॉडल पर आधारित है।
3. एक कार्बन क्रेडिट, एक मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

45. भूकंपीय तरंगों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एस-तरंगें सतह पर पहुँचने वाली पहली तरंगें हैं और गैसीय, तरल और ठोस सामग्री के माध्यम में चल सकती हैं।
2. पी-तरंगें कुछ समय अंतराल के बाद सतह पर आती हैं और केवल ठोस पदार्थों के माध्यम में चल सकती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

46. 'पश्मीना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पश्मीना शॉल 'शहतूश' धागों से बनता है जो चांगथांगी बकरी के बालों से प्राप्त होता है।
2. कच्चे पश्म को लद्दाख के चांगपा जनजाति द्वारा पाली जाने वाली चांगथांगी बकरियों से प्राप्त किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

47 निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. किसी राष्ट्र के लिये यह आवश्यक नहीं है कि जब वह रामसर सम्मेलन की पुष्टि करता है, तो अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि की सूची में शामिल करने के लिये एक आर्द्रभूमि को नामित करे।
2. आर्द्रभूमि जल को साफ करने एवं बाढ़ के खिलाफ बफर की तरह काम करती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

48. SVAMITVA योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रामीण विकास मंत्रालय इसके कार्यान्वयन के लिये नोडल मंत्रालय है।
2. इसका उद्देश्य केवल शहरी भारत के लिये एक एकीकृत संपत्ति सत्यापन समाधान प्रदान करना है।
3. इस योजना के तहत घर के मालिकों को संपत्ति कार्ड प्रदान किये जाएंगे।
4. इस योजना के तहत ड्रोन सर्वे प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 4
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

49. "संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसने मानवाधिकार पर पूर्व संयुक्त राष्ट्र आयोग का स्थान लिया था।
2. मानवाधिकार हेतु उच्चायुक्त का कार्यालय (OHCHR) मानवाधिकार परिषद के सचिवालय के रूप में कार्य करता है।
3. परिषद के सदस्य पूर्ण कार्यकाल के बाद तत्काल पुन: चुनाव के लिये पात्र नहीं होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

50. बंगाल की खाड़ी बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग उपक्रम (बिम्सटेक) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संगठन में 8 सदस्य देश शामिल हैं।
2. बिम्सटेक सचिवालय ढाका में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

51. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. वैक्सीन में एंटीजन होते हैं जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न करने के लिये प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाते हैं।
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा "ग्लोबल वैक्सीन मार्केट रिपोर्ट 2022" प्रकाशित की गई थी।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

52. 'ईट राइट इंडिया मूवमेंट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ईट राइट इंडिया को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के अनुरूप बनाया गया है।

2. 'ईट राइट इंडिया', 'ईट हेल्दी', 'ईट सेफ' और 'ईट सस्टेनेबल' के तीन व्यापक स्तंभों के आधार पर बनाया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

53. 20 वीं शताब्दी की एक साप्ताहिक पत्रिका 'अल-हिलाल' निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रकाशित की गई थी?

A. मुहम्मद अली जिन्ना

B. अब्दुल गफ्फार खान

C. मौलाना अब्दुल कलाम आज़ाद

D. सैयद अहमद खान

54. ''स्टैच्यू ऑफ प्रॉस्पेरिटी' (समृद्धि की प्रतिमा) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विजयनगर साम्राज्य के तहत एक सामंत की प्रतिमा है।

2. राम वनजी सुतार द्वारा प्रतिमा का डिज़ाइन तैयार किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

55. पेरिस जलवायु समझौते के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पेरिस जलवायु समझौते ने क्योटो प्रोटोकॉल का स्थान लिया है।

2. इसका उद्देश्य पूर्व-उद्योग स्तरों की तुलना में ग्लोबल वार्मिंग को 2.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित करने का प्रयास करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

56 'भारत-अमेरिका आर्थिक और वित्तीय साझेदारी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत और अमरीका दोनों ने ऋण उपचार के लिये G-20 साझा ढाँचे को लागू करने के प्रयासों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

2. दोनों राष्ट्र विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम (FATCA) के तहत वित्तीय खाते की जानकारी साझा करने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

57. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. डायरिया एंटामोइबा हिस्टोलिटिका दूषित भोजन या पानी के कारण होता है।
2. 'ई-संजीवनी' स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का एक टेलीमेडिसिन प्लेटफॉर्म है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. अफज़ल खान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह बीजापुर के आदिल शाही वंश का सेनापति था।
2. उनके मकबरे को फजुल बुरुज़ के नाम से जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

59. पूर्व से पश्चिम तक निम्नलिखित देशों को व्यवस्थित कीजिये:

1. फिलीपींस
2. वियतनाम
3. ब्रुनेई
4. लाओस

नीचे दिये गये कोड में से सही उत्तर चुनिये:

A. 4-3-2-1
B. 2-3-4-1
C. 1-3-2-4
D. 2-3-1-4

60. डेंगू के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. डेंगू एक मच्छर जनित उष्णकटिबंधीय बीमारी है जो मादा एडीज़ एजिप्टी मच्छर के काटने से होती है।
2. डेंगू संक्रमण के इलाज हेतु कोई विशिष्ट दवा नहीं है।

उपर्युक्त कथनों का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

61. 'पारस्परिक कानूनी सहायता संधि (MLAT)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संधि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये जाँच की सुविधा हेतु खोजी अधिकारियों को डेटा तक पहुँच प्रदान करती है।
2. भारत ने अब तक पारस्परिक कानूनी सहायता संधि (MLAT) पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

62. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. प्रथम संविधान संशोधन अधिनियम, 1951 के द्वारा संविधान में नौवीं अनुसूची जोड़ी गई।
2. नौवीं अनुसूची की न्यायिक समीक्षा नहीं हो सकती है।

नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

63. भारतीय जैविक डेटा केंद्र (IBDC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

A. इसे दिल्ली में स्थापित किया गया है।
B. यह भारत में लाइफ साइंस डेटा के लिये पहला राष्ट्रीय भंडार है।
C. डेटा केंद्र द्वारा डेटा को स्वतंत्र रूप से सुलभ बनाया जाएगा।
D. यह अमेरिकी और यूरोपीय डेटा बैंकों पर भारतीय शोधकर्त्ताओं की निर्भरता को कम करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 4
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

64. मानगढ़ नरसंहार निम्नलिखित में से किस जनजाति से संबंधित है?

1. भील जनजाति
2. संथाल जनजाति
3. गोंड जनजाति
4. उपरोक्त में से कोई नहीं

65. एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह स्थानीय बच्चों के लिये भारत के प्रमुख शहरों में मॉडल आवासीय स्कूल बनाने के लिये है।
2. इसे जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

## उत्तर भाग-1

1 C

व्याख्या:

- राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) और गृह मंत्रालय के टास्क फोर्स (1985) की सिफारिशों पर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की स्थापना की गई। अत: कथन 1 सही है।
- NCRB को 'ऑनलाइन साइबर-अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल' के तकनीकी और परिचालन कार्यों के प्रबंधन के लिये केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में भी नामित किया गया है, जिसके माध्यम से कोई भी नागरिक शिकायत दर्ज कर सकता है या बाल अश्लीलता, बलात्कार/सामूहिक बलात्कार से संबंधित अपराध के सबूत के रूप में एक वीडियो क्लिप अपलोड कर सकता है।
- ब्यूरो को यौन अपराधियों के राष्ट्रीय डेटाबेस (NDSO) को बनाए रखने और इसे नियमित आधार पर राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के साथ साझा करने का काम सौंपा गया है। अत: कथन 2 सही है।

2 C

व्याख्या:

- सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में फैसला सुनाया कि किसी को अपनी मर्जी के खिलाफ DNA टेस्ट कराने के लिये मजबूर करना उसके व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता के अधिकार का उल्लंघन होगा। अत: कथन 1 सही है।
- यह न्याय की प्रक्रिया में सुधार के लिये प्रौद्योगिकी के विस्तार पर ध्यान देता है लेकिन यह लोगों की गोपनीयता का भी उल्लंघन करता है।
- ऑटोसोमल 'DNA परीक्षणों का उपयोग माता-पिता/बच्चे के रिश्तों के लिये उच्च स्तर की सटीकता के साथ संबंधों की पुष्टि करने हेतु किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।

3 A

व्याख्या:



- हाल ही में भारतीय नौसेना ने भारत- मोज़ाम्बिक-तंजानिया त्रिपक्षीय अभ्यास (IMT TRILAT) के पहले संस्करण में भाग लिया। भारत, मोज़ाम्बिक और तंजानिया की नौसेनाओं के बीच एक संयुक्त समुद्री अभ्यास डार एस सलाम (Dar Es Salaam), तंजानिया में शुरू हुआ। अत: विकल्प A सही है।

4 A

व्याख्या:

  - ग्लाइफोसेट एक खरपतवारनाशी है तथा इसका IUPAC नाम N-(phosphonomethyl) Glycine है। इसका सर्वप्रथम प्रयोग 1970 में शुरू किया गया था।
- पिछले दो दशकों में चाय बागान मालिकों द्वारा ग्लाइफोसेट का अत्यधिक प्रयोग किया गया था। पश्चिम बंगाल और असम के चाय उत्पादन क्षेत्र में इसका बाज़ार आकार काफी अधिक है।
  - वर्तमान में इसकी खपत महाराष्ट्र में सबसे अधिक है क्योंकि यह गन्ना, मक्का और कई फलों की फसलों में एक प्रमुख शाकनाशी के रुप में प्रयोग होता है। अत: कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं।
- ग्लाइफोसेट के स्वास्थ्य प्रभाव कैंसर, प्रजनन और विकासात्मक विषाक्तता से लेकर न्यूरोटॉक्सिसिटी एवं इम्यूनोटॉक्सिसिटी से संबंधित होते हैं।
  - इसके लक्षणों में सूजन, त्वचा में जलन, मुँह और नाक में परेशानी, स्वाद में कमी होना और धुँधली दृष्टि होना शामिल हैं।
- कुल 35 देशों ने ग्लाइफोसेट के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है या इसे निषेध कर दिया है।
  - इनमें श्रीलंका, नीदरलैंड, फ्राँस, कोलंबिया, कनाडा, इज़रायल और अर्जेंटीना शामिल हैं।
  - कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने मनुष्यों और जानवरों के स्वास्थ्य संबंधी खतरों का हवाला देते हुए व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाले शाकनाशी ग्लाइफोसेट के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

5 D

व्याख्या:

- 5,000 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया Yotta D1, देश का सबसे बड़ा और उत्तर प्रदेश का पहला डेटा सेंटर है।
- यह उत्तर भारत का पहला हाइपरस्केल डेटा सेंटर है।
- यह डेटा सेंटर देश की डेटा स्टोरेज क्षमता में वृद्धि करेगा, जो अब तक केवल 2% थी, जबकि इस तथ्य को भी ध्यान में रखा जाना चाहिये कि दुनिया का 20% डेटा भारतीयों द्वारा उपभोग किया जाता है।
- अत: विकल्प D सही है।

6 A

व्याख्या:

- गलत सूचना का मुकाबला करने के लिये सभी प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की सामग्री मॉडरेशन-संचालित रणनीति एक रेड-हेरिंग है जिसे व्यापार मॉडल के हिस्से के रूप में दुष्प्रचार के प्रवर्धित वितरण की कहीं बड़ी समस्या से ध्यान हटाने के लिये डिज़ाइन किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तेज़ी से सार्वजनिक अभिव्यक्ति का प्राथमिक आधार बनते जा रहे हैं, जिस पर मुट्ठी भर व्यक्तियों का नियंत्रण होता है।
- चुनाव आयोग मीडिया को नियंत्रित नहीं करता है। हालाँकि यह कानून या न्यायालय के निर्देशों के प्रावधानों को लागू करने की ज़िम्मेदारी है, जो मीडिया या मीडिया के कामकाज के कुछ पहलुओं के साथ संबंध हो सकते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

7 C

व्याख्या:

- कार्बन क्रेडिट (इसे कार्बन ऑफ़सेट के रूप में भी जाना जाता है) वातावरण में ग्रीनहाउस उत्सर्जन में कमी लाने के सापेक्ष दिया जाने वाला एक क्रेडिट है।

नोट :

- कार्बन बाज़ार से उत्सर्जन में कमी और निष्कासन को व्यापार योग्य संपत्तियों में बदला जाता है, इस प्रकार उत्सर्जन को कम करने या ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिये प्रोत्साहन मिलता है। कार्बन बाज़ार स्वैच्छिक (voluntary) हो सकते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- कार्बन बाज़ार डीकार्बोनाइज़ेशन की दिशा में संचालितअभियान में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, लंबी अवधि में शुद्ध शून्य प्राप्त करने के अंतिम लक्ष्य के साथ अल्पावधि में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उत्सर्जन में कमी को प्रोत्साहित करेगा।
- कार्बन क्रेडिट "कैप-एंड-ट्रेड" मॉडल पर आधारित हैं जिसका उपयोग वर्ष 1990 के दशक में सल्फर प्रदूषण को कम करने के लिये किया गया था। अत: कथन 2 सही है।

8 D

व्याख्या:

- 1 नवंबर, 2000 को मध्य प्रदेश से 16 छत्तीसगढ़ी भाषी ज़िलों को अलग कर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया गया था।
- यह 135,190 वर्ग किमी के क्षेत्रफल के साथ भारत का 10वाँ सबसे बड़ा राज्य है।
- यह भारत में इस्पात और विद्युत शक्ति के उत्पादन के लिये एक महत्त्वपूर्ण केंद्र है, जो भारत में उत्पादित कुल इस्पात का लगभग 15% उत्पादन करता है।
- यह सात राज्यों से घिरा हुआ है: मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड और उत्तर प्रदेश। अत: कथन 1 सही है।
- इस राज्य की कुछ प्रमुख जनजातियों में मिरियम, बैगा, कमर, हलबा, गोंड, भुमजा, कवार आदि हैं।
- यह कोयला, लौह अयस्क और डोलोमाइट जैसे खनिजों का प्रमुख उत्पादक है।
  - इसके अलावा इस राज्य में बॉक्साइट, चूना पत्थर और क्वार्टजाइट के पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं।
  - इस राज्य में भारत के टिन अयस्क भंडार का 35.4% हिस्सा है। छत्तीसगढ़ भारत का एकमात्र राज्य है जहाँ टिन कंसन्ट्रेटस (tin concentrates) का उत्पादन होता है। अत: कथन 2 सही है।
- इस राज्य में महानदी, गंगा, गोदावरी और नर्मदा नामक चार मुख्य जलग्रहण क्षेत्र हैं। अत: कथन 3 सही है।
  - इसके अंतर्गत महानदी, शिवनाथ, अर्पा, इंद्रावती, सबरी, लीलागर, हसदो, पैरी और सोंदूर प्रमुख नदियाँ शामिल हैं।

9 C

व्याख्या:

- हाल ही में गुजरात के मोरबी ज़िले में मच्छू नदी पर निर्मित सस्पेंशन ब्रिज गिर गया, जिसमें लगभग 135 लोग मारे गए।
- मच्छू नदी:
  - मच्छू नदी गुजरात के सुरेंद्रनगर ज़िले में मदला पहाड़ियों से निकलती है और कच्छ के रण में 141.75 किमी. तक बहते हुए समाप्त हो जाती है।
  - बेटी, असोई, जंबुरी, बेनिया, मछछोरी, महा आदि मच्छू नदी की सहायक नदियाँ हैं।
  - सौराष्ट्र क्षेत्र में सिंचाई हेतु इस पर दो बाँध बनाए गए हैं। अत: विकल्प C सही है।

10 B

व्याख्या:

- मनरेगा, जिसे वर्ष 2005 में लॉन्च किया गया था, दुनिया के सबसे बड़े कार्य गारंटी कार्यक्रमों में से एक है।
- योजना का प्राथमिक उद्देश्य किसी भी ग्रामीण परिवार के अकुशल शारीरिक कार्य करने के इच्छुक वयस्क सदस्यों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के रोज़गार की गारंटी देना है।
- कार्य का कानूनी अधिकार:
  - पहले की रोज़गार गारंटी योजनाओं के विपरीत मनरेगा का उद्देश्य अधिकार-आधारित ढाँचे के माध्यम से चरम निर्धनता के कारणों का समाधान करना है।

नोट :

- लाभार्थियों में कम-से-कम एक-तिहाई महिलाएँ होनी चाहिये।
- मज़दूरी का भुगतान न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम, 1948 के तहत राज्य में कृषि मज़दूरों के लिये निर्दिष्ट वैधानिक न्यूनतम मज़दूरी के अनुरूप किया जाना चाहिये। अत: कथन 1 सही है।

- मनरेगा की रूपरेखा का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग यह है कि इसके तहत किसी भी ग्रामीण वयस्क को मांग करने के 15 दिनों के भीतर काम पाने की कानूनी रूप से समर्थित गारंटी प्राप्त है, जिसमें विफल होने पर उसे 'बेरोज़गारी भत्ता' प्रदान किया जाता है। यह मांग-प्रेरित योजना श्रमिकों के स्व-चयन (Self-Selection) को सक्षम बनाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

11 A

व्याख्या:

- ये सूर्य की सतह पर ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ से तेज़ सौर हवा अंतरिक्ष में फैलती है। अत: कथन 1 सही है।
- इन क्षेत्रों में चुंबकीय क्षेत्र इंटरप्लेटरी स्पेस के लिये खुला होता है, जिससे सौर सामग्री तीव्र धारा और गति के साथ सौर तूफ़ान में परिवर्तित हो जाती है जिसे भू-चुंबकीय तूफान कहा जाता है।
- कोरोनल होल कुछ हफ्तों से लेकर महीनों तक रह सकते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- कोरोनल होल कोई अनोखी घटना नहीं है, यह सूर्य के लगभग 11 साल के सौर चक्र में दिखाई देती है।

12 A

व्याख्या:

- C-295 समसामयिक तकनीक के साथ 5-10 टन क्षमता का परिवहन विमान है। अत: कथन 1 सही है।
- यह मज़बूत और भरोसेमंद होने के साथ-साथ एक बहुमुखी एवं कुशल सामरिक परिवहन विमान है, जो कई अलग-अलग मिशनों को पूरा कर सकता है।
- यह रेगिस्तान से लेकर समुद्री वातावरण तक नियमित रूप से दिन के साथ-साथ रात के दौरान युद्ध अभियानों को संचालित कर सकता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह एक बहुमुखी और कुशल सामरिक परिवहन विमान है जो कई अलग-अलग मिशनों को अंजाम दे सकता है।

13 D

व्याख्या:

### पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी ( NBS ) व्यवस्था:

- NBS व्यवस्था के तहत इन उर्वरकों में निहित पोषक तत्त्वों (N, P, K और S) के आधार पर किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक प्रदान किये जाते हैं।
  - साथ ही जिन उर्वरकों को द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्त्वों जैसे मोलिब्डेनम (Mo) एवं जस्ता के साथ मज़बूत किया जाता है, उन्हें अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- P&K उर्वरकों पर सब्सिडी की घोषणा सरकार द्वारा प्रति किलो के आधार पर प्रत्येक पोषक तत्त्व के लिये वार्षिक आधार पर की जाती है, जो P&K उर्वरकों की अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू कीमतों, विनिमय दर, देश में सूची स्तर आदि को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- NBS नीति का उद्देश्य P&K उर्वरकों की खपत में वृद्धि करना है ताकि NPK उर्वरकों का इष्टतम संतुलन (N:P:K= 4:2:1) हासिल किया जा सके। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - इससे मृदा के स्वास्थ्य में सुधार होगा और परिणामस्वरूप फसलों की उपज में वृद्धि होगी, जिसके परिणामस्वरूप किसानों की आय में वृद्धि होगी।
  - साथ ही जैसा कि सरकार को उर्वरकों के तर्कसंगत उपयोग की उम्मीद है, इससे उर्वरक सब्सिडी का बोझ भी कम होगा।
- इसे उर्वरक विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2010 से क्रियान्वित किया जा रहा है।

नोट :

14 C

व्याख्या:

- भारतीय गैंडे को ग्रेट एक सींग वाला गैंडा (राइनो) के रूप में भी जाना जाता है, यह भारत में पाई जाने वाली गैंडे की एकमात्र प्रजाति है।
  - अत: कथन 1 सही है।
- यह गैंडे की सभी प्रजातियों में सबसे बड़ी है।
  - अत: कथन 2 सही है।
- इसे एकल काले सींग और त्वचा की विभिन्न परतों तथा भूरे रंग की खाल से पहचाना जाता है।
- यह मुख्य रूप से घास के साथ-साथ पत्तियों, झाड़ियों और पेड़ों की शाखाओं, फलों एवं जलीय पौधों से युक्त आहार चरते है।

15 B

व्याख्या:

- हाल ही में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) ने भारत का पहला तैरता वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया, अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह महिलाओं के लिये महिलाओं की विचारधारा पर आधारित है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएँ अपने प्रश्नों को स्वयं एक महिला के साथ साझा करने में अधिक सहज़ महसूस करती हैं। अत: कथन 2 सही है।

16. C

व्याख्या:

- बड़ी मात्रा में ड्रग्स विनिर्माण के लिये एक ठोस पारिस्थितिकी तंत्र निर्माण को बढ़ावा देने के लिये PLI योजना की शुरुआत की गई है। अत: कथन 1 सही है।
- विभिन्न समूहों के विकास के माध्यम से एंड-टू-एंड विनिर्माण पारितंत्र बनाने के लिये सरकार ने कृषि रसायन क्षेत्र के लिये 10-20% आउटपुट प्रोत्साहन के साथ एक पीएलआई प्रणाली को लागू करने की योजना बनाई है।
- उच्च आयात प्रतिस्थापन और रोज़गार सृजन के साथ घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिये उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (PLI) योजना की कल्पना की गई थी। अत: कथन 2 सही है।

17 B

व्याख्या:

- वर्ल्ड पज़ल फेडरेशन पहेली में रुचि रखने वाली कानूनी संस्थाओं का एक संगठन है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- प्रसन्ना शेषाद्रि ने विश्व पहेली चैंपियनशिप (WPC) में 11 साल की कोशिश के बाद भारत के लिये पहला रजत पदक जीता है।
- इस संघ का उद्देश्य विश्व पहेली चैंपियनशिप (WPC), विश्व सुडोकू चैंपियनशिप (WSC) और अन्य WPF आयोजनों की निगरानी करना है। अत: कथन 2 सही है।
- जापान के केन एंडो इस वर्ष WPC में स्वर्ण पदक के विजेता बने।

18. A

व्याख्या:

- जो व्यक्ति किसी निर्दिष्ट सेवा में कार्यरत होने के कारण अथवा दिव्यांग या वरिष्ठ नागरिक होने के कारण मतदान केंद्र तक पहुँचने में असमर्थ हैं। उन लोगों को डाकपत्र के माध्यम से मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा देना ही पोस्टल बैलेट कहलाता है।
- इसके अलावा, यह मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक रूप से वितरित किया जाता है और डाक के माध्यम से चुनाव अधिकारियों को वापस भेजा जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- वर्तमान में केवल निम्नलिखित मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डालने की अनुमति है:
  - सेवा मतदाता (सशस्त्र बल, एक राज्य के सशस्त्र पुलिस बल और विदेशों में तैनात सरकारी कर्मचारी),
  - चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदाता,
  - 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता या विकलांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी),
  - मतदाता जो निवारक हिरासत में हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

नोट :

19 C

व्याख्या:

कॉर्डी गोल्ड नैनोपार्टिकल्स (Cor-AuNPs):

- परिचय:
  - इन्हें कॉर्डिसेप्स मिलिटेरिस और गोल्ड साल्ट के अर्क के संश्लेषण से प्राप्त किया गया है।
    - कॉर्डिसेप्स मिलिटेरिस, बोडोलैंड विश्वविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के टेक्नोलॉजी इन्क्यूबेशन सेंटर' (TIC) की प्रयोगशाला में विकसित किया गया मूल्यवान परजीवी कवक है। अत: कथन 1 सही है।
- जंगली कॉर्डिसेप्स मशरूम, पूर्वी हिमालयी क्षेत्र में पाए जाते हैं। अत: कथन 2 सही है।
    - गोल्ड साल्ट, आमतौर पर दवा में इस्तेमाल होने वाले सोने के आयनिक रासायनिक यौगिक होते हैं।
- लाभ:
  - जब दवा के कण छोटे होते हैं तो कोशिकाओं में प्रवेश अधिक होता है।
    - इसके बेहतर औषधीय गुणों के कारण बेहतर प्रवेश के लिये गोल्ड नैनोकणों के संश्लेषण में बायोएक्टिव घटक के शामिल होने से, कॉर्डिसेप्स मिलिटेरिस को सुपर मशरूम कहा जाता है ।
    - जैव संश्लेषित नैनोगोल्ड चिकित्सीय दवाओं के विकास में नैनोकणों के नए अनुप्रयोग का संकेत देते हैं जिन्हें मलहम, टैबलेट, कैप्सूल और अन्य रूपों में वितरित किया जा सकता है।

20 B

व्याख्या:

- वर्ष 1931 की जनगणना के अनुसार, अनुसूचित जनजातियों को "बहिष्कृत" और "आंशिक रूप से बहिष्कृत" क्षेत्रों में रहने वाली "पिछड़ी जनजाति" कहा जाता है। वर्ष 1935 के भारत सरकार अधिनियम ने पहली बार प्रांतीय विधानसभाओं में "पिछड़ी जनजातियों" के प्रतिनिधियों को शामिल करने हेतु प्रावधान किया।
- संविधान अनुसूचित जनजातियों की मान्यता के मानदंडों को परिभाषित नहीं करता है, इसलिये वर्ष 1931 की जनगणना में निहित परिभाषा का उपयोग स्वतंत्रता के बाद के प्रारंभिक वर्षों में किया गया था।
- हालाँकि संविधान का अनुच्छेद 366 (25) केवल अनुसूचित जनजातियों को परिभाषित करने के लिये प्रक्रिया प्रदान करता है: "अनुसूचित जनजातियों का अर्थ ऐसी जनजातियों या जनजातीय समुदायों या जनजातियों या जनजातीय समुदायों के कुछ हिस्सों या समूहों से है जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जनजाति माना जाता है।
  - 342 (1): राष्ट्रपति किसी भी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में, जबकि राज्य के संदर्भ में राज्यपाल के परामर्श के बाद सार्वजनिक अधिसूचना द्वारा उस राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में जनजातियों या जनजातीय समुदायों के हिस्से या जनजातियों या जनजातीय समुदायों के भीतर के समूहों को अनुसूचित जनजाति के रूप में निर्दिष्ट कर सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- संविधान की पाँचवीं अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम को छोड़कर अन्य राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों तथा अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन एवं नियंत्रण से संबंधित प्रावधान है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित है।

21 D

व्याख्या:

- यह स्कूली छात्रों के नामांकन और स्कूल छोड़ने की दर, स्कूलों में शिक्षकों की संख्या एवं शौचालय, भवन तथा बिजली जैसी अन्य बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने वाला एक समग्र अध्ययन है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसे वर्ष 2018-2019 में डेटा प्रविष्टि में तेज़ी लाने, त्रुटियों को कम करने, डेटा गुणवत्ता में सुधार करने और डेटा सत्यापन को आसान बनाने हेतु शुरु किया गया था।
- हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने स्कूली शिक्षा पर संयुक्त ज़िला शिक्षा सूचना प्रणाली प्लस (UDISE Plus) रिपोर्ट, 2021-22 जारी की है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

22 A

व्याख्या:

- 'जासूसी' उपग्रह माने जाने वाले रिसैट-2 का प्रमुख सेंसर इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज का एक्स-बैंड सिंथेटिक-एपर्चर रडार था। अत: कथन 1 सही है।
- रिसैट-1 उपग्रह के लिये स्वदेशी रूप से विकसित सी-बैंड के साथ विलंब के कारण 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद रिसैट -2 को अधिक तीव्रतर बनाया गया था। यह भारत का प्रथम समर्पित टोही उपग्रह था, जिसमें दिन-रात के साथ-साथ सभी मौसम निगरानी क्षमता भी थी।
- RISAT-2 भारत का पहला "आई इन द स्काई" उपग्रह है जिसके माध्यम से घुसपैठ और आतंकवाद विरोधी अभियानों के हिस्से के रूप में देश की सीमाओं की निगरानी होती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

23 D

व्याख्या:

- अमूर फाल्कन दुनिया की सबसे लंबी यात्रा करने वाले शिकारी पक्षी हैं, ये सर्दियों की शुरुआत के साथ अपनी यात्रा शुरू करते हैं।
- ये शिकारी पक्षी दक्षिण-पूर्वी साइबेरिया और उत्तरी चीन में प्रजनन करते हैं तथा मंगोलिया एवं साइबेरिया से भारत और हिंद महासागरीय क्षेत्रों से होते हुए दक्षिणी अफ्रीका तक लाखों की संख्या में प्रवास करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- इसका नाम 'अमूर नदी' के नाम पर पड़ा है जो रूस और चीन के मध्य सीमा बनाती है। अत: कथन 2 सही है।
- इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) की रेड लिस्ट के तहत इन पक्षियों को 'कम चिंताग्रस्त' (Least Concerned) के रूप में वर्गीकृत किया गया है, अत: कथन 3 सही है।
- यह प्रजाति भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित और अनुसूची IV के तहत शामिल है। अत: कथन 4 सही है।

24 D

व्याख्या:

- राइज़िंग सन वाटर फेस्ट-2022 का उद्घाटन समारोह का आयोजन मेघालय के उमियम झील (मानव निर्मित जलाशय) के प्राचीन एवं मनोरम परिवेश में किया गया।
- गारो आदिवासी समुदाय के सदस्य 'दि राइज़िंग सन वाटर फेस्ट-2022' के अवसर पर वांगला नृत्य करते हैं।
  - अत: कथन 2 सही है।
- वांगला को फेस्टिवल ऑफ हंड्रेड ड्रम्स के रूप में भी जाना जाता है और इसे ड्रमों पर बजाए जाने वाले लोकगीतों और भैंस के सींगों से बनी आदिम बाँसुरी की धुन पर विभिन्न प्रकार के नृत्यों के साथ मनाया जाता है।
  - अत: कथन 1 सही है।
- यह त्योहार सूर्य भगवान के सम्मान में मनाया जाता है और यह फसल कटाई के मौसम की समाप्ति का प्रतीक है।
  - अत: कथन 3 सही है।
- यह उत्सव सर्दियों की शुरुआत से पहले गारो जनजाति के लोगों द्वारा मैदानी क्षेत्रो में मेहनत करते हुए व्यतीत की गई लंबी अवधि के समापन को भी दर्शाता है।

25 D

व्याख्या:

- मौना लोआ उन पाँच ज्वालामुखियों में से एक है जो मिलकर हवाई द्वीप बनाते हैं। यह हवाई द्वीप समूह का सबसे दक्षिणी द्वीप है। अत: कथन 1 सही है।
- यह सबसे ऊँचा नहीं है (सबसे ऊँचा मौना की है) लेकिन सबसे बड़ा है और द्वीपीय भूमि का लगभग आधा हिस्से का निर्माण करता है। अत: कथन 2 सही है।
- मौना लोआ में आखिरी बार 38 साल पहले विस्फोट हुआ था। अत: कथन 3 सही है।

26 D

व्याख्या:

- यह न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की प्रणाली है, जो संसद के किसी अधिनियम या संविधान के प्रावधान द्वारा स्थापित न होकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के माध्यम से विकसित हुई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 (2) और 217 सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित हैं।
- सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम की अध्यक्षता भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) करते हैं और इसमें सर्वोच्च न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

27 D

व्याख्या:

- विभिन्न राष्ट्रों के बीच और आतंरिक रूप से भी ऑटोमेशन के प्रसार संबंधी व्यापक असमानताएँ हैं।
- प्रति 1,000 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि पर ट्रैक्टरों की संख्या पर उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार, क्षेत्रों के बीच मशीनीकरण की दिशा में असमान प्रगति हुई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह प्रमुख रिपोर्ट प्रतिवर्ष खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा प्रकाशित की जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

28 B

व्याख्या:

- हाल ही में एक राजनीतिक दल ने तमिलनाडु के राज्यपाल को हटाने का प्रस्ताव पेश किया।
- संविधान के अनुच्छेद 155 और 156 के तहत राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है तथा वह "राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत" पद धारण करता है।
  - यदि पाँच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने से पूर्व इस प्रसादपर्यंतता को वापस ले लिया जाता है, तो राज्यपाल को पद छोड़ना पड़ता है।
  - अत: कथन 2 सही है।
- राष्ट्रपति चूँकि प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से काम करता है, इसलिये राज्यपाल को केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया और हटाया जा सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

29 C

व्याख्या:

- विश्व धरोहर/विरासत स्थल का आशय एक ऐसे स्थान से है, जिसे यूनेस्को द्वारा उसके विशिष्ट सांस्कृतिक अथवा भौतिक महत्त्व के कारण सूचीबद्ध किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- विश्व धरोहर स्थलों की सूची को 'विश्व धरोहर कार्यक्रम' द्वारा तैयार किया जाता है, यूनेस्को की 'विश्व धरोहर समिति' द्वारा इस कार्यक्रम को प्रशासित किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- वर्ष 2021 में, यूनाइटेड किंगडम के 'लिवरपूल - मैरीटाइम मर्केंटाइल सिटी' को "संपत्ति के उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य को व्यक्त करने वाली विशेषताओं के भारी नुकसान" के कारण विश्व विरासत सूची से हटा दिया गया था।अत: कथन 3 सही है।
  - भारत में कुल 3691 स्मारक और स्थल हैं। इनमें से 40 यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित हैं।
  - इसमें ताजमहल, अजंता और एलोरा की गुफाएँ शामिल हैं। विश्व धरोहर स्थलों में असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान जैसे प्राकृतिक स्थल भी शामिल हैं।
- गुजरात में हड़प्पा शहर धोलावीरा, भारत के 40वें विश्व धरोहर स्थल के रूप में है।
- रामप्पा मंदिर (तेलंगाना) भारत का 39वाँ विश्व धरोहर स्थल था।
- कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान, सिक्किम को भारत का पहला और एकमात्र "मिश्रित विश्व विरासत स्थल" के रूप में चिह्नित किया गया है। अत: कथन 4 सही है।

नोट :

30 B

व्याख्या:

- बायोसीएनजी, ऊर्जा का गैर-नवीकरणीय स्रोत संपीड़ित प्राकृतिक गैस (CNG) के विपरीत बायोगैस को शुद्ध करके प्राप्त किया जाने वाला नवीकरणीय ईंधन है। बायोगैस का उत्पादन तब होता है जब सूक्ष्मजीव कार्बनिक पदार्थ जैसे- भोजन, फसल अवशेष, अपशिष्ट जल आदि को अपघटित करते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह अपनी संरचना और गुणों के मामले में प्राकृतिक गैस के समान है तथा पेट्रोल एवं डीज़ल जैसे ईंधन के लिये एक हरित विकल्प है। अत: कथन 2 सही है।

31 B

व्याख्या:

- हाल ही में विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) ने प्रोविज़नल स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट रिपोर्ट, 2022 जारी की।
- तीन मुख्य ग्रीनहाउस गैसों- कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), मीथेन ($CH_4$) और नाइट्रस ऑक्साइड ($NO_2$) की सांद्रता वर्ष 2021 में रिकॉर्ड स्तर पर थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- मीथेन, जो कि ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति उत्पन्न करने में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में 25 गुना अधिक शक्तिशाली है, के उत्सर्जन में सबसे तेज़ गति से वृद्धि हुई है।
- ग्लासगो में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में देशों ने वर्ष 2030 तक वैश्विक मीथेन उत्सर्जन में कम-से-कम 30% की कटौती करने का संकल्प लिया था। अत: कथन 2 सही है।

32 B

व्याख्या:

- ज़ेनोट्रांसप्लांटेशन के तहत मानव में किसी अन्य जीव के ऊतकों या अंगों का प्रत्यारोपण करना शामिल है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- जीन एडिटिंग (जिसे जीनोम एडिटिंग भी कहा जाता है) प्रौद्योगिकियों का एक समुच्चय है जो वैज्ञानिकों को एक जीव के (DNA) को बदलने की क्षमता उपलब्ध कराता है।
- हाल ही में सुअर के हृदय को मानव शरीर में प्रत्यारोपित किया गया, इसमें कोशिकाओं में से शुगर की मात्रा को हटाने (जो शरीर द्वारा किसी बाह्य अंग के अस्वीकरण हेतु उत्तरदायी होता है) के लिये जीन-एडिटिंग को अपनाया गया था।अत: कथन 2 सही है।
- प्रत्यारोपण में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक अंग अस्वीकृति है (यह अस्वीकृति प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण होती है जो प्रत्यारोपण को बाह्य के रूप में पहचानती है)।

33 C

व्याख्या:

- 10% EWS आरक्षण अनुच्छेद 15 और 16 में संशोधन करके 103 वें संविधान (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत पेश किया गया था।
- इससे संविधान में अनुच्छेद 15 (6) और अनुच्छेद 16 (6) को सम्मिलित किया गया।
- यह आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों (EWS) हेतु शिक्षा संस्थानों में प्रवेशऔर नौकरियों में आर्थिक आरक्षण के लिये है। अत: कथन 1 और 2 सही नहीं हैं।
- यह अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) तथा सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों (SEBS) के लिये 50% आरक्षण नीति द्वारा कवर नहीं किये गए गरीबों के कल्याण को बढ़ावा देने हेतु अधिनियमित किया गया था। अत: कथन 3 सही है।
- यह केंद्र और राज्य दोनों को ही EWS को आरक्षण प्रदान करने में सक्षम बनाता है। अत: कथन 4 सही नहीं है।

नोट :

34 B

व्याख्या:

- हाल ही में स्पेसएक्स ने फाल्कन हैवी रॉकेट को अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39A से भू-समकालिक पृथ्वी की कक्षा में लॉन्च किया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इस रॉकेट से लगभग 64 मीट्रिक टन भार को कक्षा में ले जाया जा सकता है। फाल्कन हैवी रॉकेट अतिरिक्त थ्रस्ट और लिफ्ट क्षमता के लिये तीन बूस्टर का उपयोग करता है।
- यह रॉकेट अमेरिकी अंतरिक्ष बल (USSF)-44 नामक मिशन हेतु अमेरिकी सेना के उपग्रहों को अंतरिक्ष में ले जाएगा। अत: कथन 2 सही है।

35 A

व्याख्या:

- गृह मंत्रालय (MHA) ने हाल ही में देश भर में राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR) डेटाबेस को अपडेट करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है।
- NPR एक डेटाबेस है जिसमें देश के सभी सामान्य निवासियों की सूची होती है।
- NPR के लिये सामान्य निवासी वह है जो कम-से-कम पिछले छह महीनों से स्थानीय क्षेत्र में रहता है या अगले छह महीनों के लिये किसी विशेष स्थान पर रहने का इरादा रखता है।
- NRC के विपरीत, NPR एक नागरिकता गणना अभियान नहीं है क्योंकि यह छह महीने से अधिक समय तक एक इलाके में रहने वाले एक विदेशी का भी रिकॉर्ड रखता है।
  - अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसका उद्देश्य देश में रहने वाले लोगों की पहचान संबंधी एक विस्तृत डेटाबेस बनाना है।
- NPR नागरिकता अधिनियम 1955 और नागरिकता (नागरिकों का पंजीकरण और राष्ट्रीय पहचान पत्र जारी करना) नियम, 2003 के प्रावधानों के तहत तैयार किया गया है।
- भारत के प्रत्येक "सामान्य निवासी" के लिये NPR में पंजीकरण करना अनिवार्य है। अत: कथन 1 सही है।

36 D

व्याख्या:

- हाल ही में शोधकर्त्ताओं ने तमिलनाडु के कुड्डालोर ज़िले में वेल्लार नदी के मुहाने (एक ऐसा क्षेत्र जहाँ नदी समुद्र से मिलती है) के पास परंगीपेट्टई के मैंग्रोव में एस्चुअरीन केकड़े की एक नई प्रजाति की खोज की है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह प्रजाति मैंग्रोव के कीचड़ भरे किनारों पर रहती है। एविसेनिया मैंग्रोव के न्यूमेटोफोरस के निकट इनके द्वारा आवास के लिये बनाए बिल पाए गए थे।
- यह प्रजाति भारतीय उपमहाद्वीप और पूर्वी हिंद महासागर के आसपास पाई जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

37 D

व्याख्या:

- EAC-PM एक गैर-संवैधानिक, गैर-सांविधिक, स्वतंत्र निकाय है जिसका गठन भारत सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री को आर्थिक और संबंधित मुद्दों पर सलाह देने के लिये किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह परिषद एक तटस्थ दृष्टिकोण से भारत सरकार को प्रमुख आर्थिक मुद्दों पर प्रकाश डालती है।
- प्रशासनिक, रसद, योजना और बजट उद्देश्यों के लिये, नीति आयोग EAC-PM के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

38 D

व्याख्या:

- भारत का विधि आयोग समय-समय पर भारत सरकार द्वारा गठित एक गैर-सांविधिक निकाय है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सर्वोच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश या उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश इस आयोग का अध्यक्ष होगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- पहला विधि आयोग वर्ष 1834 में ब्रिटिश राज काल के दौरान वर्ष 1833 के चार्टर अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया था और इसकी अध्यक्षता लॉर्ड मैकाले ने की थी। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- एक पूर्णकालिक अध्यक्ष के साथ-साथ आयोग में एक सदस्य-सचिव सहित और चार पूर्णकालिक सदस्य होते हैं।
- कानून मंत्रालय का कानून और विधायी सचिव इस आयोग का पदेन सदस्य होगा।अत: कथन 4 सही नहीं है।

39 A

व्याख्या:

- चंद्र ग्रहण तब होता है,जब पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। इस दौरान सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा एक-दूसरे की बिल्कुल सीध में होते हैं।
  - सर्वप्रथम चंद्रमा पेनुम्ब्रा (Penumbra) की तरफ चला जाता है-पृथ्वी की छाया का वह हिस्सा जहाँ सूर्य से आने वाला संपूर्ण प्रकाश अवरुद्ध नहीं होता है। चंद्रमा के भू-भाग का वह हिस्सा सामान्य पूर्णिमा की तुलना में धुँधला दिखाई देगा।
  - उसके बाद चंद्रमा पृथ्वी की कक्षा या प्रतिछाया (Umbra) में चला जाता है, जहाँ सूर्य से आने वाला प्रकाश पूरी तरह से पृथ्वी के कारण अवरुद्ध हो जाता है। इसका मतलब है कि पृथ्वी के वायुमंडल में चंद्रमा की डिस्क द्वारा परावर्तित एकमात्र प्रकाश पहले ही वापस ले लिया गया है या परिवर्तित किया जा चुका है।
  - चंद्र ग्रहण केवल पूर्णिमा के दौरान ही हो सकता है।
  - अत: कथन 1 सही है।
- पूर्ण चंद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच स्थित होती है और पृथ्वी की छाया चाँद पर पड़ती है।
  - इस दौरान चंद्रमा की पूरी डिस्क पृथ्वी की कक्षा या प्रतिछाया (Umbra) में होती है, इसलिये चंद्रमा लाल (ब्लड मून) दिखाई देता है।
  - रेलिघ प्रकीर्णन (Rayleigh Scattering) नामक घटना के कारण चंद्रमा लाल रंग का हो जाता है।
  - रेलिघ प्रकीर्णन का तात्पर्य तरंग दैर्ध्य में परिवर्तन के बिना किसी माध्यम में कणों द्वारा प्रकाश के प्रकीर्णन से है। यही कारण है कि आकाश नीला दिखाई देता है।
  - अत: कथन 2 सही नहीं है।

40 A

व्याख्या:

- शिवालिक को अरुणाचल प्रदेश में दफला, मिरी, अबोर और मिश्मी हिल्स के नाम से जाना जाता है।
- शिवालिक बाहरी हिमालय की एक पर्वत श्रृंखला है जो सिंधु नदी से पूर्व की ओर ब्रह्मपुत्र नदी के करीब लगभग 2,400 किमी तक फैली हुई है, जो भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी भागों में फैली हुई है।
- सही पश्चिम से पूर्व अनुक्रम है: दफला, मिरी, अबोर, मिश्मी। अत:विकल्प A सही है।

41 A

व्याख्या:

- यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (POCSO) ने यौन अपराध की पीड़िता की पहचान के प्रकटीकरण पर प्रतिबंध लगा दिया। अत: कथन 1 सही है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में 6-14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिये नि:शुल्क और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा के अधिकार का उल्लेख किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- CrPC की धारा 155 (2) के अनुसार, पुलिस अधिकारी, मजिस्ट्रेट के आदेश के बिना गैर-संज्ञेय अपराध की जाँच नहीं कर सकता है।

42 B

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्रीय शक्ति मंत्री ने पूरे देश हेतु गतिशील भूजल संसाधन मूल्यांकन रिपोर्ट 2022 जारी की है। अत:कथन 1 सही नहीं है।
- रिपोर्ट के अनुसार, कुल वाषक भूजल पुनर्भरण 43760 बिलियन घन मीटर (बीसीएम) है और वाषक भूजल निष्कर्षण 23916 BCM है।
- यह आकलन भूजल पुनर्भरण में वृद्धि दर्शाता है।
- भूजल पुनर्भरण एक हाइड्रोलॉजिकल प्रक्रिया है जिसमें पानी पृथ्वी की सतह से नीचे की ओर रिसता है। अत: कथन 2 सही है।

43 B

व्याख्या:

- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) का नेतृत्व भारत के प्रधानमंत्री करते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह भारत में आपदा प्रबंधन के लिये सर्वोच्च निकाय है। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 द्वारा NDMA की स्थापना और राज्य एवं ज़िला स्तरों पर संस्थागत तंत्र हेतु सक्षम वातावरण का निर्माण अनिवार्य है। अत: कथन 2 सही है।
- यह आपदा प्रबंधन पर नीतियाँ निर्धारित करता है।

44 D

व्याख्या:

कार्बन क्रेडिट:

- कार्बन क्रेडिट (इसे कार्बन ऑफ़सेट के रूप में भी जाना जाता है) वातावरण में ग्रीनहाउस उत्सर्जन में कमी लाने के सापेक्ष दिया जाने वाला एक क्रेडिट है, जिसका उपयोग सरकारों, उद्योग या व्यक्तियों द्वारा उत्सर्जन के लिये क्षतिपूर्ति के रुप में किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- इसके द्वारा आसानी से उत्सर्जन को कम नहीं कर पाने वाले उद्योग अधिक वित्तीय लागत वहन कर अपना संचालन कर सकते हैं।
- कार्बन क्रेडिट "कैप-एंड-ट्रेड" मॉडल पर आधारित हैं जिसका उपयोग 1990 के दशक में सल्फर प्रदूषण को कम करने के लिये किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- एक कार्बन क्रेडिट, एक मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर होता है या कुछ बाज़ारों में कार्बन डाइऑक्साइड समकक्ष गैसों (CO2-eq) के बराबर है। अत: कथन 3 सही है।

45 D

व्याख्या:

- भूकंपीय तरंगें मूल रूप से दो प्रकार की होती हैं - भूगर्भीय तरंगें और धरातलीय तरंगें।
- भूगर्भिक तरंगें उद्गम केंद्र से ऊर्जा के मुक्त होने के दौरान पैदा होती हैं और पृथ्वी के अंदरूनी भाग से होकर सभी दिशाओं में आगे बढ़ती हैं। इसलिये इन्हें भूगर्भिक तरंगें कहा जाता है।
  - भूगर्भीय तरंगें भी दो प्रकार की होती हैं। इन्हें 'P' तरंगें व 'S' तरंगें कहा जाता है।
  - 'P' तरंगें तीव्र गति से चलने वाली तरंगें हैं और धरातल पर सबसे पहले पहुँचती हैं। इन्हें 'प्राथमिक तरंगें' भी कहा जाता है। 'P' तरंगें ध्वनि तरंगों जैसी होती हैं। ये गैस, तरल व ठोस तीनों प्रकार के पदार्थों से गुजर सकती हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - 'S' तरंगें धरातल पर कुछ समय अंतराल के बाद पहुँचती हैं। ये 'द्वितीयक तरंगें' कहलाती हैं। 'S' तरंगों के विषय में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि ये केवल ठोस पदार्थों के ही माध्यम से चलती हैं। 'S' तरंगों की यह एक महत्वपूर्ण विशेषता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

46 B

व्याख्या:

- पश्मीना को दुनिया का सबसे अच्छा हस्तशिल्प माना जाता है, जो असाधारण रूप से गर्म और नाजुक कश्मीरी धागे से बना होता है।

नोट :

- पश्मीना शॉल की बुनाई में उपयोग किया जाने वाला ऊन लद्दाख में पाए जाने वाले पालतू चांगथांगी बकरियों (Capra hircus) से प्राप्त किया जाता है। लुप्तप्राय तिब्बती मृगों से सहतूश प्राप्त किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- कच्चे पश्म को लद्दाख के चांगपा जनजाति द्वारा पाली जाने वाली चांगथांगी बकरियों से प्राप्त किया जाता है।अत: कथन 2 सही है।

47 B

व्याख्या:

- किसी राष्ट्र को कम से कम एक आर्द्रभूमि को अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि के रूप में नामित करना आवश्यक है जब वह रामसर सम्मेलन की पुष्टि करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- आर्द्रभूमि महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि वे विभिन्न पारिस्थितिक सेवाएँ प्रदान करती हैं, जैसे कि जल को छानना और साफ करना और बाढ़ के खिलाफ बफर की तरह काम करना। अत: कथन 2 सही है।
- आर्द्रभूमि में कार्बन अवशोषण करने की बहुत बड़ी क्षमता है।
- रामसर अभिसमय के तहत रामसर स्थल घोषित करना दुनिया भर में आर्द्रभूमि के नुकसान को रोकने के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है।

48 C

व्याख्या:

- स्वामित्व का मतलब गाँवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण है।
  - यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे 24 अप्रैल, 2021 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च किया गया था।
  - 
- पंचायती राज मंत्रालय (MoPR) इसके कार्यान्वयन के लिये नोडल मंत्रालय है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत के लिये एक एकीकृत संपत्ति सत्यापन समाधान प्रदान करना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- स्वमिता योजना ग्रामीण क्षेत्रों में घर के मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करना और संपत्ति कार्ड जारी करेगी। अत: कथन 3 सही है।
- ग्रामीण क्षेत्रों का सीमांकन ड्रोन सर्वेक्षण प्रौद्योगिकी का उपयोग करके किया जाएगा। अत: कथन 4 सही है।

49 B

व्याख्या:

- मानवाधिकार परिषद संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर एक अंतर-सरकारी निकाय है जो दुनिया भर में मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण को मज़बूत करने हेतु ज़िम्मेदार है।
- इस परिषद का गठन वर्ष 2006 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा किया गया था। इसने मानवाधिकार पर पूर्व संयुक्त राष्ट्र आयोग का स्थान लिया था। अत: कथन 1 सही है।
- मानवाधिकार हेतु उच्चायुक्त का कार्यालय (OHCHR) मानवाधिकार परिषद के सचिवालय के रूप में कार्य करता है।
- OHCHR का मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है। अत: कथन 2 सही है।
- इसका गठन 47 संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से मिलकर हुआ है जो संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा चुने जाते हैं।
- परिषद के सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है और लगातार दो कार्यकाल की सेवा के बाद कोई भी सदस्य तत्काल पुन: चुनाव के लिये पात्र नहीं होता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

50 B

व्याख्या:

- बिम्सटेक क्षेत्रीय संगठन है जिसमें सात सदस्य देश शामिल हैं:
  - पाँच दक्षिण एशिया से हैं, जिनमें बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया से म्याँमार एवं थाईलैंड दो देश शामिल हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह उप-क्षेत्रीय संगठन 6 जून, 1997 को बैंकॉक घोषणा के माध्यम से अस्तित्व में आया। इसका सचिवालय ढाका में है। अत: कथन 2 सही है।

51 C

व्याख्या:

- वैक्सीन में शामिल एंटीजन प्रतिरक्षा प्रणाली को एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया शुरू करने के लिये प्रेरित करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- कम आय वाले देश लगातार उन वैक्सीन को हासिल करने के लिये संघर्ष करते हैं जिनका उच्च आय वाले देशों द्वारा उपयोग किया जाता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा "ग्लोबल वैक्सीन मार्केट रिपोर्ट 2022" जारी की गई। अत: कथन 2 सही है।
- मुक्त बाज़ार की गतिशीलता दुनिया के कुछ सबसे गरीब और सबसे कमज़ोर देशों को उनके स्वास्थ्य के अधिकार से वंचित कर रही है।

52 C

व्याख्या:

- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) से भारत में लोगों के लिये सुरक्षित और पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपेक्षा की जाती है।
- ईट राइट इंडिया राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुरूप है। अत: कथन 1 सही है।
- 'ईट राइट इंडिया', 'ईट हेल्दी', 'ईट सेफ' और 'ईट सस्टेनेबल' के तीन व्यापक स्तंभों के आधार पर बनाया गया है। अत: कथन 2 सही है।

53 C

व्याख्या:

- मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, जिनका मूल नाम मुहियुद्दीन अहमद था, का जन्म वर्ष 1888 में मक्का, सऊदी अरब में हुआ था।
- ये विभाजन के कट्टर विरोधी तथा हिंदू-मुस्लिम एकता के समर्थक थे।
- वर्ष 1912 में उन्होंने उर्दू में अल-हिलाल नामक एक साप्ताहिक पत्रिका शुरू की, जिसने मॉर्ले-मिंटो सुधारों (1909) के बाद दो समुदायों के बीच हुए मनमुटाव को समाप्त कर हिंदू-मुस्लिम एकता को स्थापित करनेमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- वर्ष 1909 के सुधारों के तहत मुसलमानों के लिये अलग निर्वाचक मंडल के प्रावधान का हिंदुओं द्वारा विरोध किया गया था।
- सरकार ने अल-हिलाल पत्रिका को अलगाववादी विचारों का प्रचारक माना और 1914 में इस पर प्रतिबंध लगा दिया।
- मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ने हिंदू-मुस्लिम एकता पर आधारित भारतीय राष्ट्रवाद और क्रांतिकारी विचारों के प्रचार के समान मिशन के साथ अल-बालाग नामक एक अन्य साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन शुरू किया। अत: विकल्प C सही है।

54 C

व्याख्या:

- ''स्टैच्यू ऑफ प्रॉस्पेरिटी' (समृद्धि की प्रतिमा) एक नादप्रभु केम्पेगौड़ा की प्रतिमा है। जो 16 वीं शताब्दी के विजयनगर साम्राज्य के अधीन सामंत थे। अत: कथन 1 सही है।
- 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' के अनुसार यह किसी शहर के संस्थापक की पहली और सबसे ऊँची कांस्य प्रतिमा है।
- प्रसिद्ध मूर्तिकार और पद्म भूषण से सम्मानित राम वनजी सुतार ने प्रतिमा को डिज़ाइन किया है। अत: कथन 2 सही है।
- सुतार ने गुजरात में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' और बेंगलुरु के 'विधान सौध' में महात्मा गांधी की प्रतिमा का निर्माण किया था।

55 A

व्याख्या:

- पेरिस समझौते (COP-21 के रूप में भी जाना जाता है) को वर्ष 2015 में अपनाया गया था।
  - इसने क्योटो प्रोटोकॉल का स्थान लिया जो जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये पूर्व समझौता था। अत: कथन 1 सही है।
- यह एक वैश्विक संधि है जिसमें लगभग 200 देश ग्रीन हाउस गैस (GHG) उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन पर लगाम लगाने के लिये सहयोग करने पर सहमत हुए हैं।
- यह पूर्व-उद्योग स्तरों की तुलना में ग्लोबल वार्मिंग को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे, अधिमानत: 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने का प्रयास करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

नोट :

56 C

व्याख्या:

- भारत और अमेरिका दोनों ने ऋण उपचार के लिये G-20 साझा ढाँचे को समयबद्ध, व्यवस्थित और समन्वित तरीके से लागू करने के प्रयासों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। अत: कथन 1 सही है।
- भारत और अमेरिका दोनों देशों ने जलवायु महत्त्वाकांक्षा को बढ़ाने के लिये वैश्विक प्रयासों के साथ-साथ सार्वजनिक रूप से व्यक्त जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने हेतु संबंधित घरेलू प्रयासों को साझा किया।
- दोनों पक्षों ने ऋण स्थिरता द्विपक्षीय उधार में पारदर्शिता और ऋण संकट का सामना करने वाले देशों को उचित एवं समान ऋण उपचार प्रदान करने हेतु कार्रवाई का समन्वय करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।
- दोनों पक्ष वित्तीय खाते की जानकारी साझा करने के लिये विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम (FATCA) से संबंधित चर्चा में शामिल होना जारी रखेंगे। अत: कथन 2 सही है।

57 B

व्याख्या:

- दस्त हैजा और टाइफाइड जैसे जीवाणु संक्रमण, या वायरल और परजीवी जीवों के कारण हो सकता है, जिनमें से अधिकांश मल-दूषित पानी से फैलते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- 'ई-संजीवनी' और 'ई-संजीवनी ओपीडी' दोनों प्लेटफार्मों को सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) मोहाली द्वारा विकसित किया गया है।
- 'ई-संजीवनी' और 'ई-संजीवनी ओपीडी' स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के टेलीमेडिसिन सेवा प्लेटफॉर्म हैं। अत: कथन 2 सही है।

58 C

व्याख्या:

अफज़ल खान:

- वह 17वीं शताब्दी में बीजापुर के आदिल शाही सल्तनत में सेनापति था। अत: कथन 1 सही है।
- छत्रपति शिवाजी के उदय और इस क्षेत्र पर बढ़ते नियंत्रण के साथ अफजल खान को दक्कन क्षेत्र में इनके क्षेत्राधिकार को सीमित करने वाले व्यक्ति के रूप में देखा गया था।
- अफज़ल खान ने अपने 10,000 घुड़सवारों के साथ बीजापुर से वाई (Vai) तक मार्च किया और रास्ते में शिवाजी के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में लूटपाट की।
- शिवाजी ने प्रतापगढ़ के किले में एक युद्ध परिषद बुलाई, जहाँ उनके अधिकांश सलाहकारों ने उनसे शांति स्थापित करने का आग्रह किया। हालाँकि शिवाजी पीछे हटना नहीं चाहते थे और उन्होंने अफज़ल खान के साथ एक बैठक की।
- इस मुलाकात के दौरान अफज़ल खान द्वारा षडयंत्र पूर्वक शिवाजी पर किये गए हमले की जवाबी कार्रवाई में शिवाजी विजयी हुए। इसके बाद मराठों के हाथों आदिलशाही सेना का पराभव हुआ।
- मराठा सूत्रों के अनुसार, खान के अवशेषों को किले में दफनाया गया था और शिवाजी के आदेश पर एक मकबरे का निर्माण किया गया था।
- अनुग्रह कार्य में शिवाजी ने अफज़ल खान के अवशेषों पर एक मकबरा बनवाया और उसके सम्मान में एक टॉवर का निर्माण कराया, जिसे आज भी प्रतापगढ़ में 'अफजुल बुरुज़' के नाम से जाना जाता है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

59 C

व्याख्या:




- अत: विकल्प C सही है।

60 A

व्याख्या:

- डेंगू एक मच्छर जनित उष्णकटिबंधीय बीमारी है जो डेंगू वायरस (जीनस फ्लेवीवायरस) के कारण होती है, इसका प्रसार मच्छरों की कई जीनस एडीज (Genus Aedes) प्रजातियों मुख्य रूप से एडीज़ इजिप्टी (Aedes aegypti) द्वारा होता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह मच्छर चिकनगुनिया (Chikungunya), पीला बुखार (Yellow Fever) और जीका संक्रमण (Zika Infection) का भी वाहक है।
- डेंगू संक्रमण के इलाज हेतु कोई विशिष्ट दवा नहीं है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

61 A

व्याख्या:

- भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को जाँच में आसानी प्रदान करके राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करना क्योंकि उन्हें वर्तमान में डेटा तक पहुँच प्राप्त करने के लिये पारस्परिक कानूनी सहायता संधियों (MLATs) पर भरोसा करने की आवश्यकता है। अत: कथन 1 सही है।
- MLAT सरकारों के बीच समझौते हैं जो उन देशों में से कम से कम एक में होने वाली जाँच से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते हैं।
- भारत ने 45 देशों के साथ पारस्परिक कानूनी सहायता संधि (MLAT) पर हस्ताक्षर किये हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

62 A

व्याख्या:

- नौवीं अनुसूची में केंद्रीय और राज्य कानूनों को शामिल किया गया है जिसे न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती है और प्रथम संविधान संशोधन अधिनियम, 1951 के तहत जोड़ा गया था। अत: कथन 1 सही है।
- प्रथम संशोधन में अनुसूची में 13 कानून जोड़े गए। आगे के विभिन्न वर्षों के संशोधनों ने वर्तमान में संरक्षित कानूनों की संख्या को 284 तक पहुँचा दिया है।
- हालाँकि अनुच्छेद 31B न्यायिक समीक्षा से बाहर है, सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्व में कहा है कि नौवीं अनुसूची के तहत भी न्यायिक समीक्षा हो सकती है यदि वे मौलिक अधिकारों या संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन करते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

नोट :

63 B

व्याख्या:

- हाल ही में सरकार ने क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (RCB), फरीदाबाद में 'भारतीय जैविक डेटा बैंक' की स्थापना की है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- IBDC भारत में लाइफ साइंस डेटा के लिये पहला राष्ट्रीय भंडार है, जहाँ डेटा न केवल पूरे भारत से एकत्रित किया जाएगा बल्कि पूरे भारत के शोधकर्त्ताओं को इस तक पहुँच की सुविधा होगी। अत: कथन 2 सही है।
- डेटा को स्वतंत्र रूप से सुलभ नहीं बनाया जाएगा। इसे केवल मूल डेटा सबमिटर से IBDC के माध्यम से पूर्व अनुमति के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- यह अमेरिकी और यूरोपीय डेटा बैंकों पर भारतीय शोधकर्त्ताओं की निर्भरता को कम करेगा।
    - यह न केवल शोधकर्त्ताओं को अपने डेटा को देश के भीतर सुरक्षित रूप से संग्रहीत करने के लिये एक मंच प्रदान करेगा, बल्कि विश्लेषण के लिये स्वदेशी अनुक्रमों के एक बड़े डेटाबेस तक पहुँच भी प्रदान करेगा। अत: कथन 4 सही है।

64 A

व्याख्या:

मानगढ़ नरसंहार:

- भील आदिवासी समुदाय रियासतों (राजस्थान और गुजरात) के शासकों और अंग्रेज़ो के बंधुआ मज़दूर बन गया।
- वर्ष 1899-1900 के भीषण अकाल ने दक्कन में छह लाख से अधिक लोगों को मर गए।
- सामाजिक कार्यकर्त्ता गुरु गोविंदगिरि, जिन्हें गोविंद गुरु के नाम से भी जाना जाता है, द्वारा संगठित और प्रशिक्षित भीलों ने वर्ष 1910 तक अंग्रेज़ो के सामने 33 मांगों का एक चार्टर रखा, जो मुख्य रूप से ज़बरन श्रम, भीलों पर लगाए गए उच्च कर और अंग्रेज़ो एवं रियासतों के शासकों द्वारा गुरु के अनुयायियों के उत्पीड़न से संबंधित थे।
- भीलों ने उन्हें शांत करने के अंग्रेज़ो के प्रयास को खारिज़ कर दिया और ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता की घोषणा करने का संकल्प लेते हुए मानगढ़ पहाड़ियाँ छोड़ने से इंकार कर दिया।
- अंग्रेज़ो ने तब भीलों को 15 नवंबर, 1913 से पहले मानगढ़ पहाड़ी छोड़ने के लिये कहा।
    - लेकिन ऐसा नहीं हुआ और 17 नवंबर, 1913 को ब्रिटिश भारतीय सेना ने भील प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की और कहा जाता है कि नरसंहार में महिलाओं और बच्चों सहित 1,500 से अधिक लोग मारे गए।
- गुजरात-राजस्थान सीमा पर स्थित मानगढ़ पहाड़ी को आदिवासी जलियांवाला के नाम से भी जाना जाता है। अत: विकल्प A सही है।

65 B

व्याख्या:

- एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) पूरे भारत में ST के लिये मॉडल आवासीय विद्यालय बनाने की एक योजना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसे जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही है।
- इस योजना का उद्देश्य जवाहर नवोदय विद्यालयों और केंद्रीय विद्यालयों के समान स्कूलों का निर्माण करना है, जिसमें खेल और कौशल विकास में प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा स्थानीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण के लिये विशेष अत्याधुनिक सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- EMRS स्कूल CBSE पाठ्यक्रम का अनुसरण करता है।

नोट :